

## एक नजर में

### छात्रों ने किया मेजर प्रोजेक्ट का प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय टीकमगढ़ में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग सीएसई शाखा के फाइनल ईयर के छात्रों द्वारा उनके मेजर प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने इंटरनेट ऑफ थिंग तकनीक पर आधारित दो अभिनव प्रोजेक्ट रेफिड बेस्ड ऑटोमैटिक डोर लॉक सिस्टम और रिमोट कंट्रोल कार प्रस्तुत किए।**

छात्रों द्वारा निर्मित रेफि ड आधारित ऑटोमैटिक डोर लॉक एक स्मार्ट सुरक्षा समाधान है, जिसमें रेफि ड कार्ड के माध्यम से बिना चाबी के दरवाजा खोलने की सुविधा दी गई है। यह सिस्टम सुरक्षा और ऑटोमेशन के क्षेत्र में उपयोगी साबित हो सकता है, विशेषकर स्कूलों, दफ्तरों और घरों में।

वहीं, दूसरी टीम द्वारा तैयार की गई रिमोट कंट्रोल कार को स्मार्टफोन एप्लिकेशन के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। यह प्रोजेक्ट आईओटी, मोटर कंट्रोल और वायरलेस कम्युनिकेशन का बेहतरीन समन्वय प्रदर्शित करता है। वहीं, दूसरी टीम द्वारा कंट्रोल कार को तैयार किया गया है।

# 1 करोड़ 2 लाख की लागत से बनेगी नहर

**कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने दिखाई अपनी रुचि**

**11 दिन में पूर्ण होगी टेंडर प्रक्रिया**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बंडा नाले के निर्माण कराए जाने के लिए अब टेंडर प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी शुरू हो गई है। इस बार इस नाले से जुड़ने वाली नहर के निर्माण के लिए इस प्रक्रिया में 30 दिन नहीं बल्कि इसे 11 दिवस के अंदर पूर्ण कर लिया जाएगा। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की विशेष रुचि के चलते ऐसा पहली बार हो रहा है कि किसी निर्माण कार्य के लिए टेंडर 7 दिन के लगाए जाएंगे और इस पूरी प्रक्रिया को 11 दिन के अंदर पूर्ण करके 12वे दिन से बंडा नाले से जुड़ने वाली नहर का निर्माण कार्य शुरू कराकर जल्द से जल्द उसे पूर्ण कराया जाएगा।**



कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं नगर पालिका सीएमओ ओमपाल भदौरिया ने बंडा नाले की सफाई कराकर पहले ही एक सफलता हासिल कर ली है। अब इस नाले से जुड़ने वाली नहर का निर्माण कराकर उसे कवर्ड कराया जा रहा है। इस निर्माण के लिए नगर पालिका 1 करोड़ 2 लाख रुपए खर्च करेगी। जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति होने की खबर है। खबर है कि इसके लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने विशेष रुचि दिखाकर भोपाल स्तर के बड़े अधिकारियों से बात की। इसके बाद इस निर्माण कार्य को करने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। अब स्वीकृति प्राप्त होने के बाद नगर पालिका अमला भी इस काम के लिए सक्रिय हो गया है। नगर पालिका अमले ने टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के लिए तैयारी कर ली है। जारी होने वाले टेंडर 30 दिन नहीं बल्कि सिर्फ 7 दिन के होंगे और पूरी प्रक्रिया 11 दिवस के अंदर पूर्ण कर निर्माण कार्य शुरू कराने की तैयारी है।

जानकारी के अनुसार यह निर्माण कार्य बाबू बलीराम के घर से खादी आश्रम की ओर जाने वाली नहर तक कराया जाना है। मतलब यह निर्माण कार्य पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव के घर के सामने कराया जाएगा।

कलेक्टर इसी सोच के चलते बीते दिनों लोगों से अतिक्रमण हटाकर नहर को खुला छोड़ने की अपील की थी। जिस पर लोगों ने गंभीरता दिखाते हुए बिना कोई अतिक्रमण कार्यवाही के स्वयं अपना-अपना कब्जा हटाकर कलेक्टर का सहयोग किया और प्रदेश में टीकमगढ़ शहर का एक अलग संदेश पहुंचा। इसका फायदा यह हुआ कि अब इस नहर को कवर्ड निर्माण कराए जाने के लिए शासन से स्वीकृति प्राप्त हो गई है। अब जहां गंदा पानी बहता था वहां स्वच्छ जल बहता दिखाई देगा।

### मध्यप्रदेश के सिर्फ एक कलेक्टर को मिला था सम्मान

जल गंगा संवर्धन योजना के समापन अवसर पर सरकार ने खंडवा जिले में आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के सिर्फ एक कलेक्टर का सम्मान किया था। टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को यह सम्मान सिर्फ इसलिए दिया गया था कि वह कुछ अलग करने में माहिर रहते हैं। उन्होंने जिस तरह इस योजना को सफल बनाने के लिए विलुप्त हो रही बावड़ियां, नाले, नहरों, कुओं को नया जीवनदान देने का कार्य किया है। इसीलिए उन्हें इस सम्मान के लायक मध्यप्रदेश के मुखिया मोहन यादव ने समझा था। अब निश्चित यह बात तो सही है कि अगर किसी अधिकारी का सम्मान उसके अच्छे कार्य के लिए हो तो वह अपनी दोगुनी ऊर्जा के साथ अपने काम में लग जाता है। यही कारण है कि टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय जिले को अच्छा और सुन्दर बनाने के लिए अब दृढ़ संकल्पित हैं। कलेक्टर ने अब जो बड़ा नाले से जुड़ने वाली नहर के लिए स्वीकृति प्रदान कराई है उससे यह साबित होता है कि उन्हें अपने टीकमगढ़ जिले और शहर की कितनी चिंता है। इससे पहले भी कई कलेक्टर यहां रह चुके हैं पर उन्होंने शायद ही विवेक श्रोत्रिय जैसी सोच रखी हो। लोग कहते हैं कि कलेक्टर प्रियंकादास के बाद कोई अच्छा कलेक्टर सरकार ने जिले में भेजा है जो जनता के हित में सोचता है।

## पर्वों के चलते पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के द्वारा जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों के साथ फ्लैग मार्च निकाला।**

फ्लैग मार्च थाना कोतवाली से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य चौराहों,बाजारों,मस्जिदों से होते हुए बापिस कोतवाली पहुंचा जहां फ्लैग मार्च का समापन किया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया कि उक्त फ्लैग मार्च आगामी त्योहारों पर आमजन को सुरक्षा का विश्वास दिलाने एवं आपराधिक तत्वों में भय व्याप्त करने के लिए निकाला गया है। साथ ही आमजन से आगामी त्योहार शांति पूर्वक मनाने की अपील की । फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम,एसडीओपी राहुल कटरे, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान , थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक उपेंद्र छारी, थाना प्रभारी देहात निरीक्षक चंद्रजीत यादव,सूबेदार उत्तम सिंह सहित थानाकोतवाली, देहात, अजाक, महिला थाना,पुलिस लाइन के पुलिस अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए । आमजन से अपील की है कि आगामी त्योहार शांति पूर्वक मनाएं।

## जलभराव की समस्या को लेकर प्रशासन सख्त

**नवभारत न्यूज पलेरा। आगामी त्योहारों को देखते हुए बारिश में समस्त वार्डों में जलभराव की समस्या को प्रमुखता से रखा गया था। इसके बाद नगर परिषद सीएमओ शिवि उपाध्याय के निर्देश पर नगर परिषद का स्वच्छता अमला सख्त दिखाई दे रहा है। स्वच्छता कर्मचारियों ने सबसे पहले जहां बारिश होते ही जो जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती है। उसके कारणों को जानने देखने ओर जलभराव की इस समस्या का कैसे स्थाई निदान हो सकता है। इस पर विचार विमर्श किया।**

जेसीबी मशीन की सहायता से कई जगह पर चैंबर एवं स्वच्छता का कार्य मौके पर कराया। इसके अलावा नगर के वार्ड क्रमांक एक में स्थित गजाधर तालाब के जल निकासी हेतु नगर परिषद द्वारा वर्षा के पूर्व की गई तैयारी के कारण आज जल स्तर बढ़ने के बाद भी जल की निकासी में कोई समस्या नहीं आई है। नगर के बड़े तालाब से आया ओवरफ्लो का अतिरिक्त पानी खाई नाले से पूर्ण प्रवाह से बह रहा है। नगर परिषद के द्वारा वर्तमान समय में जल स्तर बढ़ने से पूर्व तालाब की दूसरी निकासी की व्यवस्था भी जेसीबी मशीन लगाकर मौके पर कराई जा रही है।



## विपुल साहित्य की दी जानकारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय दिवस के अवसर पर नव प्रवेशित छात्र, छात्राओं को मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्थापित महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ में एकत्रित कर विपुल साहित्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।**

ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर सिद्धनाथ खजूरिया ने छात्र-छात्राओं को भारतीय ज्ञान परंपरा के प्राचीनतम साहित्य वेद, रामायण, महाभारत, पुराण, आर्ष साहित्य, श्रीमद्भागवत गीता, कौटिल्य अर्थशास्त्र, पाणिनि अष्टाध्यायी, चरक संहिता, जैन, बौद्ध, चार्वाक, वेदांत, न्याय, मीमांसा, सांख्य, योग आदि दर्शनों के विपुल साहित्य के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ. प्रतीक्षा चौबे ने साहित्य का जीवन में क्या मूल्य है इस विषय से छात्र-छात्राओं का अवगत कराया। डॉ.रजनी राय ने छात्रों की जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का उत्तर देकर समाधान किया।

डॉ. खजूरिया ने बताया की उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ सभी महाविद्यालय में खोलने का मुख्य उद्देश्य आज छात्र-छात्राओं को अपने भारतीय सनातन ज्ञान से अवगत कराना है ताकि छात्र, छात्राअपनी शिक्षा के साथ-साथ एवं नैतिक मूल्यों को धारण कर अपने जीवन पथ पर आगे बढ़े।

## अमृत हरित महा अभियान के तहत पौधरोपण

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में अमृत हरित महा अभियान के अंतर्गत महेंद्र सागर तालाब के पास सागर बायपास रोड पर वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नगर पालिका टीकमगढ़ अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदोरिया तथा पार्षदगणों के साथ तालाब के पास पौधरोपण में सहभागिता की गई।**

इस अवसर पर पार्षद श्रीमती पूनम जयसवाल, पार्षद प्रतिनिधि फरीद खान, सन्नी सोनी, नगर पालिका परिषद उपयंत्री अजय दीक्षित,सामुदायिक संगठक श्रीमती दीपिका शर्मा, सुश्रीं आयुषी सोनी उपस्थित रहे। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में अमृत हरित महा अभियान के अंतर्गत महेंद्र सागर तालाब के पास सागर बायपास रोड पर वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका टीकमगढ़ अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक ने सीएमओ ओमपाल भदोरिया तथा पार्षद मौजूद रहे।



## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**नवभारत न्यूज जतारा। तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत छिपरी निवासी कैलाश जाटव उम्र 45 साल अपनी किसी रिस्तेदारी गया था बह जब अपने घर बापिस बाईक से लोट रहा था तभी उसकी बाईक अनियंत्रित होकर टकरा गई और कैलाश घायल हो गया ।**

जानकारी के अनुसार घायल अवस्था में कैलाश को प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया कुछ देर बाद डयूटी पर तैनात डॉक्टर ने कैलाश को मृत घोसित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत छिपरी निवासी कैलाश जाटव उम्र 45 साल अपनी किसी रिस्तेदारी गया था बह जब अपने घर बापिस बाईक से लोट रहा था तभी उसकी बाईक अनियंत्रित होकर टकरा गई और कैलाश घायल हो गया।

## शहर के प्रमुख मार्गों से निकली जगन्नाथ रथयात्रा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में इस्कॉन की ओर से शुक्रवार को तीसरी बार भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा शाम 4 बजे ब्राह्मण कॉलोनी स्थित जागेश्वर धाम मंदिर से शुरू हुई।**

मंदिर में विधि.विधान से भगवान की आरती की गई। इसके बाद प्रतिमाओं को रथ में विराजमान किया गया। जगन्नाथपुरी से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की प्रतिमाएं टीकमगढ़ लाई गई हैं। इस्कॉन मंदिर उज्जैन से हाइड्रोलिक रथ और संत प्रभुपाद की मूर्ति भी मंगवाई गई। श्रद्धालुओं ने हरे राम हरे कृष्ण की धुन पर नृत्य किया और भगवान जगन्नाथ के जयकारे लगाए।इस्कॉन के टेंपल कमांडर अनिरुद्ध प्रभु ने बताया कि हाइड्रोलिक रथ उज्जैन से लाया गया है। रथ को ऊपर और नीचे किया जा सकता है। यात्रा के दौरान कई जगह बिजली के तार काफी नीचे रहते हैं। जहां रथ की ऊंचाई कम की जा सकती है। जहां बिजली के तार पर्याप्त ऊंचाई पर रहते हैंए वहां ऊंचाई पूरी खोल दी जाती है। रथ की पूरी ऊंचाई तकरीबन 40 फीट है।रथ यात्रा का मार्ग जागेश्वर धाम मंदिर से अस्पताल चौराहा, सिविल लाइन रोड और मिश्रा तिराहा से होकर गुजरा। यात्रा लुकमान चौराहा, नजाई बाजार, कटरा बाजार, हवेली रोड, ताल दरवाजा, पपौरा चौराहा और स्टेट बैंक होते हुए रात 8 बजे श्री नजरबाग मंदिर पहुंची।यहां संकीर्तन के साथ भगवान को 56 भोग का प्रसाद लगाया जाएगा और महा आरती की जाएगी। टेंपल कमांडर ने बताया कि 27 जून से जगन्नाथ रथ यात्राएं निकाली जा रही हैं।



## सीएम ने बच्चों को लैपटॉप के लिए भेजी राशि

**कार्यक्रम का लाइव प्रसारण लोगों ने देखा और सुना**

**शालाओं में अध्यनरत् बच्चों के चेहरों पर दिखी खुशी**

**नवभारत न्यूज पलेरा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को राजधानी भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत 94.234 छात्रों को 25.000 की राशि उनके बैंक खातों में ट्रांसपर की है। यह राशि उन्हें लैपटॉप खरीदने के लिए दी गई है। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण पलेरा में लोगों ने देखा।**

इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण पलेरा नगर के सीएम राइज विद्यालय में मुख्य अतिथियों के द्वारा प्रसारण देखा गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य छात्रों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक जीवन में सहायता प्रदान करना है। छात्रों को राशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसपर की गई ताकि वे अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार लैपटॉप खरीद सकें। भाजपा मंडल अध्यक्ष संज्ञा ने पात्र छात्र एवं छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि आज के तकनीकी युग में एक लैपटॉप छात्रों के सपनों को उड़ान देने का जरिया बन सकता है। ऐसे में हमारी भाजपा सरकार छात्रों की हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को एक मिशन के रूप में ले रही हैए और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर योजनाएं लाई जा रही हैं। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, राजेश नायक, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक, मुकेश यादव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अक्षिता शर्मा, सीएम राइज प्राचार्य महेश रावत, प्राचार्य प्यारेलाल अहिरवार समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को राजधानी भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत 94.234 छात्रों को 25.000 की राशि उनके बैंक खातों में ट्रांसपर की है। यह राशि उन्हें लैपटॉप खरीदने के लिए दी गई है। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण पलेरा में लोगों ने देखा।




**बरसात** | टीकमगढ़ में अब तक 705 मिलीमीटर बारिश दर्ज

# झमाझम बारिश ने शहर को किया जलमग्न

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। गुरुवार रात से शुक्रवार सुबह तक लगातार बारिश निरंतर होती रही जिससे जनजीवन काफी प्रभावित हुआ है। रात भर में 146 मिलीमीटर यानी करीब 6 इंच वर्षा मौसम विभाग द्वारा दर्ज की गई। तेज बारिश से सड़कों और कई कॉलोनियों में पानी भर गया। गुरूवार को रिमझिम बारिश का दौर सुबह 12बजे तक जारी रहा हालाकि दिन भर आसमान बादल छाए रहे जिससे लोग बारिश की संभावना जताते रहे।**

बारिश से पुरानी टेहरी, कौशलपुरी कॉलोनी, सैल सागर तालाब कॉलोनी, चकरा रोड, शिव शक्ति कॉलोनी और शिवनगर कॉलोनी में पानी भर गया। पुरानी टेहरी में लोगों के घरों में पानी भरने से परेशान व्यक्तियों ने सड़क पर धरना देकर इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। एसडीएम लोकेंद्र सिंह सरल और नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाइस दी। उन्होंने जेसीबी से नालियों की सफाई कराई। नालों पर किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया।पिछले 24 घंटों में जिले में 31 मिलीमीटर औसत बारिश हुई। 1 जून से 3 जुलाई तक कुल 451.4 मिलीमीटर यानी 17.8 इंच औसत बारिश हो चुकी है। पिछले साल इसी अवधि में 7.6 इंच बारिश हुई थी। टीकमगढ़ तहसील में अब तक 705 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। पलेरा में 601 मिलीमीटर, मोहनगढ़ में 560 मिलीमीटर और खरगापुर में 417 मिलीमीटर बारिश हुई है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहा।

गुरुवार रात से शुक्रवार सुबह तक लगातार बारिश निरंतर होती रही जिससे जनजीवन काफी प्रभावित हुआ है। रात भर में 146 मिलीमीटर यानी करीब 6 इंच वर्षा मौसम विभाग द्वारा दर्ज की गई। तेज बारिश से सड़कों और कई कॉलोनियों में पानी भर गया। गुरूवार को रिमझिम बारिश का दौर सुबह 12बजे तक जारी रहा हालाकि दिन भर आसमान बादल छाए रहे जिससे लोग बारिश की संभावना जताते रहे। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अब तक की बारिश रिकार्ड बना रही है। जिले में 2 जुलाई को शहर में शाम 5.45 बजे से 6.30 बजे तक बारिश से शहर की सड़कें जलमग्न हो गई। जिले में अब तक 16.5 इंच बारिश हो चुकी है। टीकमगढ़ जिले में बीते चौबीस घंटे में 705 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।



### 15 जून से हो रही बरसात

अधिकतम तापमान 31 .5 और न्यूनतम तापमान 25 .7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।जिले में 15 जून से लगातार रुक-रुक कर बारिश हो रही है। टीकमगढ़ तहसील में 559 मिमी, मोहनगढ़ में 542 और पलेरा में सर्वाधिक 574 मिमी बारिश दर्ज की गई। बड़ागांव धसान में 240, बल्देवगढ़ में 336, खरगापुर में 417, जतारा में 326 और लिधौरा में 369 मिमी बारिश हुई।

## फर्जी वेबसाइटों से बचने की सलाह

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्य रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु एवं आयुक्त, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय विभाग द्वारा जन सामान्य को फर्जी वेबसाइटों के माध्यम से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र नही बनवाने की सलाह दी गई है।**

साथ ही बताया गया है कि आम जन को फर्जी वेबसाइटों की जानकारी नहीं होने के कारण प्रमाण पत्र बनवाने उपरांत परेशानियों का सामना करना पडता है। साथ ही मध्यप्रदेश शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से भी बंचित होना पडता है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, टीकमगढ़ ( म .प्र . )

क्रमांक/3956/न .पा ./निर्माण/2025 — टीकमगढ़, दिनांक 01/07/2025

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न लिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण http:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र . | टेंण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_435036_1 04/07/2025 को सांय 05 :00 बजे से | बंडा नाला के दोनों तरफ लोहे की जाली लगाए जाने का कार्य। | 3 माह 3244618 .00 | 5000/- 24334/- | 05/08/25 को सांय 05 :30 बजे तक |

1- मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र क्र ./एफ .237/2024/18-2 भोपाल दिनांक 09/09/2024 प्रभावशील रहेगा जो कि निविदा एवं अनुबंध का भाग है।

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, टीकमगढ़
जिला-टीकमगढ़ (म .प्र .)